# भरोसा तेरा सांवरे | By Arjun Kheriyal

झूठे जग से हार के बाबा तेरे दर पे आया
हारे का तूने बन के सहारा मुझको गले लगाया
अपने दिल का हाल सांवरे तुझको मैं आज सुनाऊँ
तेरे होते बाबा क्यूँ दर दर की ठोकर खाऊँ
भरोसा मुझे तेरा सांवरे
कोई ना मेरा यहाँ सांवरे

मतलब की ये दुनियादारी, मतलब के सब नाते
बुरे वक़्त में देख लिया ना कोई साथ निभाते
ना कोई साथ निभाते........
मुझपे उपकार ये तेरा, तूने जो मुझे संभाला
तुमसे बढ़कर कलयुग में, ना साथ निभाने वाला
भरोसा मुझे तेरा सांवरे
कोई ना मेरा यहाँ सांवरे

भीम सेन की ये ही तमन्ना प्यार तेरा ना टूटे
छूट जाए सारी दुनिया पर द्वार तेरा ना छूटे
द्वार तेरा ना छूटे ..........
तेरे बिन अब सांवरिया, एक पल ना रह पाऊंगा
मैं तुझसे बिछड़ कर बाबा रो रो कर मर जाऊँगा
भरोसा मुझे तेरा सांवरे
कोई ना मेरा यहाँ सांवरे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ad%e0%a4%b0%e0%a5%8b%e0%a4%b8%e0%a4%be-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a5%87-by-arjun-kheriyal/